Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golumber, Nehru Marg, Patna -800001
(Registration No -663/2003)
Website : basabihar.com, Email Id : infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No. - 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No. - 9431409463

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No. ......37...................... Date ....9-5-2022.........

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन देने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि विगत कुछ वर्षों में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारीगण विभिनन समस्याओं से ग्रसित हैं, जिसके निराकरण हेतु विभिन्न अवसरों पर संघ के स्तर से पत्राचार करने के बाद भी उन समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। कुछ ज्वलंत समस्याएं जिसका निराकरण नितान्त आवश्यक है, वह निम्न प्रकार है:—

1. बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग नियमावली 1996 को संशोधित किए जाने के संबंध में। (अनुलग्नक—1)
2. पद की रिक्त रहने के बावजूद प्रोन्नति बाधित रखने का सरकार का आदेश को वापस लेने के संबंध में। (अनुलग्नक—2)
3. बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के पदाधिकारियों की नियुक्ति लेवल—11 से करने के संबंध में।
4. अपर अनुमंडल पदाधिकारियों का पद समाप्त करने के संबंध में। (अनुलग्नक—3)
5. Non SCS के पदाधिकारियों को IAS में नियुक्ति बन्द करने तथा सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या—4900, दिनांक—02.04.2012 को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के संबंध में। (अनुलग्नक—4)
6. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के पदस्थापन से उत्पन्न विसंगतियों के संबंध में। (अनुलग्नक—5)
7. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के सेवाकालीन प्रशिक्षण से संबंधित नीतिगत निर्णयों के अनुपालन के संबंध में। (अनुलग्नक—6)

8. पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के संबंध में। (अनुलग्नक–7)
9. बिहार कारा सेवा के अनुरूप बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को भी 01.01.1996 के प्रभाव से 6500–10500 का वेतनमान 8000–13500 स्वीकृत करने के संबंध में। (अनुलग्नक–8)

10. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के विरूद्ध लंबित विभागीय कार्यवाही एवं निलंबन निष्पादन की कार्यवाही त्वरित गति से करने के संबंध में। अनेकों पदाधिकारी 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित है।

11. प्रत्येक जिले में परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता के लिए समर्पित वाहन और कार्यालय स्थान सभी परीक्ष्यमान को उपलब्ध कराने के संबंध में।

12. सभी परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता को आवास, कार्यालय में महिला शौचालय, सहायक कर्मचारी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।

13. प्रोन्नति के लिए नियमित डी०पी०सी० के लिए समय तय किया जाना चाहिए और रिक्तियों (पदोन्नति कैलेंडर) के अनुसार पूरे वर्ष पदोन्नति के लिए पैनल तैयार किए जाने के संबंध में।

14. संशोधित बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग नियम में संयुक्त/अपर सचिव स्तर के बीएएस अधिकारियों के लिए निश्चित संख्या में जिला पदाधिकारी के पद की पहचान के संबंध में।

15. बिहार प्रशासनिक न्यायाधिकरण के गठन के संबंध में। (अनुलग्नक–9)

उक्त वर्णित समस्याओं से संबंधित हालिया पत्राचारों की प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि बिहार प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा उठाए गए उक्त समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन करने की महती कृपा करेंगे।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(शशांक शेखर सिन्हा)